पीईटी परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न, डीएम-एसपी ने परखी व्यवस्था

महराजगंज आज। जनपद में रविवार को विभिन्न केंद्रों पर आयोजित पीईटी परीक्षा-2026 को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल और पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने व्यवस्थाओं का जायजा लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।दोनों अधिकारियों ने सबसे पहले जवाहरलाल नेहरू पीजी कॉलेज पहुंचकर कंट्रोल रूम, परीक्षा कक्षों और अभ्यर्थियों की जांच व्यवस्था का निरीक्षण किया। इसके बाद जीएसवीएस इंटर कॉलेज और राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में परीक्षा संबंधी व्यवस्थाओं को परखा। निरीक्षण के दौरान सभी केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण और सुचारू रूप से संचालित मिली।जिलाधिकारी ने



केंद्र व्यवस्थापकों और स्टैटिक मजिस्ट्रेट से जानकारी लेते हुए निर्देश दिया कि प्रवेश से लेकर ओएमआर शीट और अन्य प्रपत्रों को भेजने तक आयोग के सभी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जाए। उन्होंने कहा कि परीक्षा की शुचिता किसी भी परिस्थिति में प्रभावित नहीं होनी चाहिए।पुलिस अधीक्षक ने केंद्रों पर तैनात पुलिसकर्मियों को सतर्क रहने और परीक्षा केंद्रों के आसपास संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों पर नजर रखने का निर्देश दिया। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल उच्चाधिकारियों को देने को कहा।प्रथम पाली में 3510 परीक्षार्थी उपस्थित और 1362 अनुपस्थित रहे। वहीं, द्वितीय पाली में 3518 उपस्थित तथा 1354 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), अपर पुलिस अधीक्षक समेत अन्य अधिकारियों ने भी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

राज्य स्तरीय सम्मेलन की तैयारियों को लेकर आज महराजगंज आएंगे शैलेंद्र सिंह गहरवार

महराजगंज । जनता दल यूनाइटेड (जदयू) उत्तर प्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं गोरखपुर मंडल प्रभारी शैलेंद्र सिंह गहरवार 26 अक्टूबर को महराजगंज पहुंचेंगे। उनका दौरा एक नवंबर को वाराणसी में आयोजित होने वाले पार्टी के राज्य स्तरीय सम्मेलन की तैयारियों के मद्देनजर होगा।दौरे के दौरान वह पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और सक्रिय सदस्यों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। इसमें सम्मेलन में महराजगंज जनपद से अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने, संगठनात्मक तैयारियों और कार्यकर्ताओं से संपर्क स्थापित करने जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी।



गहरवार का जोर संगठन के भीतर समन्वय बढ़ाने और पार्टी के कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संपन्न कराने पर रहेगा। वाराणसी में होने वाले सम्मेलन को लेकर गोरखपुर मंडल के विभिन्न जनपदों में तैयारियों की समीक्षा की जा रही है।गौरतलब है कि शैलेंद्र सिंह गहरवार प्रदेश उपाध्यक्ष और गोरखपुर मंडल प्रभारी के साथ कन्नौज, फर्रुखाबाद, इटावा, एटा, मैनपुरी, औरैया तथा हरदोई के जिला प्रभारी भी हैं। महराजगंज में प्रस्तावित बैठक के जरिए सम्मेलन की तैयारियों को अंतिम रूप देने और कार्यकर्ताओं की सहभागिता बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा।

डीएम और एसपी ने जिला कारागार का किया औचक निरीक्षण

महराजगंज आज। जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल और पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी ने रविवार को जिला कारागार महराजगंज का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने जेल की सुरक्षा व्यवस्था, परिसर की निगरानी और प्रशासनिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण का उद्देश्य निर्धारित नियमों एवं मानकों के अनुपालन की स्थिति परखना रहा। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा के दृष्टिगत कारागार परिसर की जांच की गई।



इस दौरान कोई आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिली। अधिकारियों ने जेल प्रशासन को सुरक्षा व्यवस्था के प्रति पूरी सतर्कता बरतने और नियमित रूप से जांच अभियान चलाने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने कारागार में अनुशासन बनाए रखने, बंदियों की गतिविधियों पर प्रभावी निगरानी रखने तथा सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं को मजबूत करने पर जोर दिया। साथ ही बंदियों को नियमानुसार आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए।अधिकारियों ने कहा कि कारागार की सुरक्षा और प्रशासनिक व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। निर्धारित नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करते हुए व्यवस्थाओं को प्रभावी बनाए रखा जाए।

मुख्यमंत्री आरोग्य मेला में 75 मरीजों का उपचार

श्यामदेउरवा (आज)। श्यामदेउरवा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में कुल 75 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाएं वितरित की गई।



मेले में खुजली, सर्दी, बुखार, गले मे खरास, उल्टी, दस्त और पेट दर्द से संबंधित मरीज अधिक संख्या में पहुंचे। आए हुए मरीजों में 27 पुरुष, 42 महिलाएं और 6 बच्चे शामिल थे। इस दौरान अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 अखिलेश यादव ने भी मेले का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मेले में डॉ. मीरा चौधरी समेत पीएचसी के सभी स्टाफ मौजूद रहे और मरीजों को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया गया।

सीओ ने परखी परीक्षा केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था

आनन्दनगर (आज)।उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (क्कश्वज्ञ)-2026 को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहीं। इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी फरेंदा दीपशिखा वर्मा ने रविवार को कस्बे के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने सेठ आनंदराम जयपुरिया इंटर कॉलेज, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज और श्री लाल बहादुर शास्त्री इंटर कॉलेज सहित विभिन्न परीक्षा केंद्रों का भ्रमण किया। उन्होंने केंद्रों पर तैनात पुलिसकर्मियों की ड्यूटी और सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।सीओ ने पुलिसकर्मियों को सतर्कता और मुस्तैदी के साथ ड्यूटी निभाने, परीक्षा केंद्रों के आसपास शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा परीक्षार्थियों के आवागमन को सुचारु रखने के निर्देश दिए। साथ ही यातायात व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने और किसी भी तरह की अव्यवस्था से बचने के लिए आवश्यक सतर्कता बरतने को कहा।वहीं, फरेंदा कोतवाली प्रभारी



राघवेंद्र सिंह भी पुलिस बल के साथ विभिन्न परीक्षा केंद्रों का भ्रमण करते रहे।

पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न

खुशहालनगर। घुघली थाना क्षेत्र के ग्राम सभा पिपरा ब्राह्मण उर्फ बारीगांव स्थित रामलीला मैदान में आगामी मेले एवं रामलीला आयोजन को लेकर पीस कमेटी की बैठक हुई। थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह और जखीरा चौकी प्रभारी आशुतोष पाठक ने आयोजकों, दुकानदारों व स्थानीय लोगों से मेले को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने की अपील की। थाना प्रभारी ने चाट, फुल्की सहित अन्य खाद्य पदार्थों की दुकानों को भीड़ से दूर लगाने तथा गैस सिलेंडर के इस्तेमाल में सावधानी बरतने और आग से बचाव के जरूरी इंतजाम करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मेले में आने वाले लोगों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी लोग पुलिस-प्रशासन का सहयोग करें और आपसी सौहार्द के साथ आयोजन संपन्न कराएं।

समूह सखियों का गठन, पिंकी बनीं अध्यक्ष

आनन्दनगर (आज)। फरेंदा क्षेत्र के ग्राम पंचायत छितही बुजुर्ग में रविवार को समूह सखियों के गठन को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सीपी सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें ग्राम सभा की तमाम समूह सखियां उपस्थित रहीं। इस दौरान नवगठित समूह की कार्यकारिणी का गठन किया गया।एसएमराम संगीता वीके रेनू वीओ सीआरपी समूह सखी सरस्वती जी के तहत नवगठित कार्यकारिणी समूह का गठन किया गया।जिसमें पिंकी को अध्यक्ष, रुक्मणी को सचिव, शोभा को कोषाध्यक्ष, वंदना को उपसचिव तथा तारा देवी को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अलावा लक्ष्मीना, ममता, सोना सहित अन्य महिलाएं भी समूह में शामिल रहीं।



भाजपा जिलाध्यक्ष ने आरओ प्लांट का फीता काटकर किया उद्घाटन

सिसवामुंशी। (आज) परतावल ब्लॉक के सिसवा मुंशी चौराहे पर रविवार को वेदिका मिनरल आरओ प्लांट शुरू हुआ। भाजपा जिलाध्यक्ष संजय पाण्डेय और वरिष्ठ भाजपा नेता प्रदीप कुमार उपाध्याय ने मिलकर फीता काटा और प्लांट का उद्घाटन किया। प्लांट के संचालक डॉ. रामकृपाल प्रजापति ने अतिथियों का माला पहनाकर स्वागत किया। उद्घाटन समारोह में इलाके के कई खास लोग मौजूद थे। भाजपा जिलाध्यक्ष संजय पाण्डेय ने कहा कि शुद्ध पानी सबकी जरूरत है। यह प्लांट इलाके के लोगों को साफ और अच्छा पानी देगा। उन्होंने प्लांट संचालक को शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह पहल लोगों के लिए अहम होगी। इस मौके पर सिसवा मुंशी के चौकी प्रभारी रुपेश कुमार पाल, हेड कांस्टेबल राकेश प्रताप राव, कॉन्स्टेबल सुशांत राय, मोहम्मद अफसर अली, अहमद सिद्दीकी, डॉ. अवधेश प्रजापति, सतीश प्रजापति, पूर्णमासी समेत कई लोग मौजूद थे। इस प्लांट से इलाके में शुद्ध पानी मिलने की नई सुविधा शुरू होने की उम्मीद है। लोगों ने इस पहल की तारीफ की।



कैडेट्स ने सीखा नेविगेशन, हथियार प्रशिक्षण

सिसवा बाजार (आज)। परमहंस पाल पीजी कॉलेज गुरली सवया में 102 बटालियन एनसीसी गोरखपुर के तत्वाधान में चल रहे वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के पाँचवें दिन कैडेट्स ने ड्रिल से लेकर नेविगेशन, हथियार चलाने का प्रशिक्षण प्राप्त किया।रविवार सुबह ड्रिल और शारीरिक योगाभ्यास प्रशिक्षण में कैडेट्स ने पूरे उत्साह, अनुशासन और समर्पण के साथ भाग लिया। प्रात:कालीन सत्र में कैडेट्स को मार्चिंग, सावधान एवं विश्राम जैसी ड्रिल गतिविधियों का अभ्यास कराया गया। इस सत्र का उद्देश्य कैडेट्स में शारीरिक चुस्ती, आदेशों के पालन, एकाग्रता और सामूहिक तालमेल को बेहतर बनाना रहा। एएनओ द्वारा संचालित कक्षा में एकता एवं अनुशासन की बुनियादी अवधारणाओं को समझने का अवसर मिला। आईटीआई की टीम ने कैडेट्स को विभिन्न प्रकार के कौशल विकास करने के लिए सरकार द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं के विषय में बताया। प्रशासनिक अधिकारी लेश्करनल मिथुन मिश्रा ने कैडेट्स को सकारात्मक दृष्टिकोण, आत्मविश्वास, दृढ़ संकल्प जैसे गुण और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रेरित किया।

कांग्रेस का वोट बचाओ देश बचाओ कार्यक्रम का आयोजन

निचलौल आज। आज कैंप कार्यालय घोड़हवा, निचलौल में संगठन सृजन एवं 'वोट बचाओ, देश बचाओ' कार्यक्रम आयोजित किया गया।आज नगर पंचायत निचलौल, घोड़हवा स्थित कैंप कार्यालय पर संगठन सृजन को लेकर बैठक की गई। साथ ही 'वोट बचाओ, देश बचाओ' अभियान के तहत लोकतंत्र की रक्षा, मताधिकार के प्रति जागरूकता और संगठन को मजबूत बनाने पर चर्चा की गई।



बैठक में निचलौल ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं सिसवा विधानसभा प्रभारी ध्रुव नारायण शर्मा, वार्ड नंबर 3 के जिला पंचायत प्रत्याशी सद्दाम हुसैन, महिला अध्यक्ष सोनी भारती सैयद जावेद, दामोदर गुप्ता, राममिलन गुप्त, रेखा यादव, सहित दर्जनों महिला एवं पुरुष कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मिश्रौलिया में विकास कार्यों में अनियमितता का आरोप, 10 साल के कार्यों की जांच की मांग

महराजगंज आज। बृजमंगंज थाना क्षेत्र की ग्रामसभा मिश्रौलिया में विकास कार्यों में कथित अनियमितता का मामला सामने आया है। गांव निवासी विनोद पुत्र संतराम ने संबंधित अधिकारियों को प्रार्थना-पत्र देकर वर्ष 2015 से 2025 तक कराए गए कार्यों की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।शिकायतकर्ता ने लोहरसन विद्यालय में डेस्क-बेंच, इंटरलॉकिंग, नाली निर्माण, सफाई कार्य और संचारी रोग संबंधी सामग्री वितरण में गड़बड़ी का आरोप लगाया है। प्राथमिक विद्यालय मोहनगढ़ में बाउंड्रीवाल, शौचालय, आंगनवाड़ी भवन और अन्य निर्माण कार्यों की जांच कराने की भी मांग की गई है।मनरेगा के तहत वर्ष 2024-25 में चकबंद और पोखरा खुदाई कार्यों में भी अनियमितता का आरोप लगाया गया है। शिकायतकर्ता का दावा है कि मजदूरों की तस्वीरें एक ही स्थान से लेकर अलग-अलग कार्यस्थलों पर अपलोड की गईं। उन्होंने अभिलेखों, भुगतान और मजदूरों की उपस्थिति का सत्यापन कराने की मांग की है।शिकायतकर्ता ने जांच प्रक्रिया पर भी सवाल उठाते हुए अनियमितता मिलने पर सरकारी धन की वसूली और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वहीं, प्रधान प्रतिनिधि से पक्ष पूछने पर उन्होंने कहा, आज दवा करवाने जा रहा हूं।फिलहाल, आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। मामले में आधिकारिक जांच के बाद ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट होगी।

एसआईआर के तहत नाम संशोधन और नए नाम जोड़ने की प्रक्रिया शुरू

सिंदुरिया आज। विधानसभा चुनाव को लेकर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत मिठौरा विकास खंड के जूनियर हाईस्कूल पतरेंगवा में बुधवार को मतदाता सूची में नाम सुधारने और छूटे हुए मतदाताओं के नाम जोड़ने की प्रक्रिया शुरू हो गई। इस दौरान बीएलओ द्वारा मतदाताओं के नाम, पते और अन्य विवरणों का सत्यापन किया जा रहा है।



अभियान के तहत मतदाता सूची से मृत व्यक्तियों के नाम हटाने तथा विवाह के बाद दूसरे स्थान पर चली गई महिलाओं के नाम नियमानुसार हटाने की प्रक्रिया भी की जा रही है। वहीं, जिन परिवारों में नई शादी हुई है, उन नवविवाहित महिलाओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए आवश्यक जानकारी और दस्तावेज जुटाए जा रहे हैं। इस प्रक्रिया का उद्देश्य मतदाता सूची को शुद्ध, अद्यतन और त्रुटिरहित बनाना है, ताकि पात्र मतदाताओं को आगामी विधानसभा चुनाव में मतदान करने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। अधिकारियों की निगरानी में बीएलओ घर-घर जाकर भी मतदाताओं से संबंधित जानकारी एकत्र कर रहे हैं।

इस दौरान बीएलओ नीरज पटेल, नीतू पटेल, सरिता देवी, चंद्रकला और दुर्गावती देवी मौजूद रहीं। वहीं, सुपरवाइजर पंकज कुमार पांडेय ने अभियान की निगरानी की।

महर्षि वाल्मीकि जयंती पर 26 अक्टूबर को सार्वजनिक अवकाश घोषित

महराजगंज आज। उत्तर प्रदेश सरकार ने महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर 26 अक्टूबर 2026 (सोमवार) को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। शासन के सामान्य प्रशासन अनुभाग की ओर से 25 अक्टूबर को इस संबंध में विज्ञप्ति जारी की गई। जारी विज्ञप्ति के अनुसार, 17 नवंबर 2025 को घोषित वर्ष 2025 के सार्वजनिक अवकाशों की सूची के क्रमांक 24 में संशोधन करते हुए यह निर्णय लिया गया है। शासन स्तर पर सम्यक विचार-विमर्श के बाद महर्षि वाल्मीकि जयंती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित करने का फैसला लिया गया। प्रमुख सचिव रवींद्र नायक की ओर से जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि यह अवकाश निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट, 1881 के अंतर्गत नहीं होगा। साथ ही, 17 नवंबर 2025 की पूर्व विज्ञप्ति को इसी सीमा तक संशोधित माना जाएगा, जबकि उसके शेष प्रावधान यथावत रहेंगे। इस घोषणा से सोमवार को प्रदेश के सरकारी कार्यालयों में सार्वजनिक अवकाश रहेगा।

पुलिस ने 2,744 लीटर अवैध कच्ची शराब और 51 पेटी बंटी-बबली टेट्रा पैक को किया नष्ट

आनन्दनगर आज।अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत फरेंदा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 2,744 लीटर अवैध कच्ची शराब और 51 पेटी टेट्रा पैक शराब 'बंटी-बबली' का विनष्टीकरण कराया। बीते दिन माननीय न्यायालय फरेंदा के आदेश के अनुपालन में वर्ष 2023 से 2026 तक आबकारी अधिनियम के तहत दर्ज कुल 182 मुकदमों में जब्त शराब को नियमानुसार नष्ट किया गया।यह कार्रवाई क्षेत्राधिकारी फरेंदा दीपशिखा वर्मा के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। थाना फरेंदा परिसर में दोपहर करीब 2ः30 बजे निर्धारित प्रक्रिया के तहत जब्त शराब को मालखाने से निकालकर गड्ढे में नष्ट कराया गया और बाद में मिट्टी से ढक दिया गया।इस



दौरान आबकारी निरीक्षक पुनेश्वर कुमार सिंह, थानाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक दीनबंधु प्रसाद, हेड कांस्टेबल मुकेश चंद्र तथा न्यायालय फरेंदा के सहायक अभियोजन अधिकारी मौजूद रहें।

लकड़ी हटाने की बात को लेकर दो पक्षों में मारपीट, दंपति घायल

निचलौल आज निचलौल थाना क्षेत्र के ग्राम बढ़या मुस्कीम मुसहरी टोला में शुक्रवार की दोपहर बाद लकड़ी हटाने की बात को लेकर दो पक्षों में विवादित विवाद हो गया एक पक्ष द्वारा हमला बोलकर दंपति को मारपीट कर घायल कर दिया। जवाहर पुत्र रामवृक्ष ने तहरीर देकर अवगत कराया की शुक्रवार की दोपहर बाद हम और हमारी पत्नी किरण संजय पुत्र लक्ष्मी और गुड्डू पुत्र लक्ष्मी को अपने जमीन में रखी लकड़ी हटाने को कहा गया, जिसको लेकर संजय, गुड्डू और लक्ष्मी तीनों उग्र हो गए और लाठी घंटा से मार कर हमको और हमारी पत्नी को गंभीर रूप से घायल कर दिए। उन्होंने ताहिर देकर मारपीट करने वाले लोगों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है।

इस संबंध में थानाध्यक्ष योगेंद्र कुमार राय ने बताया कि दो लोगों के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

ग्राम प्रधान ने युवक पर मारपीट का लगाया आरोप, मुकदमा दर्ज

श्यामदेउरवा। (आज) थाना क्षेत्र के ग्राम बसवार के वर्तमान ग्राम प्रधान रामनिवास सिंह पुत्र स्व. मेवा सिंह ने थाने में तहरीर देकर एक युवक पर मारपीट व जान से मारने की धमकी का आरोप लगाया है। दिए गए प्रार्थना पत्र के अनुसार बीते 22 अक्टूबर की रात करीब 10ः45 बजे कुछ युवक उनकी कंबाइन मशीन के पास तोड़फोड़ कर रहे थे। आवाज सुनकर प्रधान मौके पर पहुंचे तो देखा मशीन का पाइप टूटा है और तेल गिर रहा है। आरोप है कि पूछताछ के दौरान संदीप वर्मा नामक युवक ने कड़ा (पंच) से उन पर हमला कर दिया। बीच-बचाव करने आए उनके बेटे विष्णु सिंह के साथ भी मारपीट की गई। दोनों घायल हो गए, जिनका इलाज रात में ही सीएचसी परतावल में कराया गया। प्रधान का आरोप है कि आरोपी गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी दे रहा है। थानाध्यक्ष महेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

बाल कलाकारों द्वारा अभिनीत रामलीला महोत्सव आज से

सिसवा बाजार । स्थानीय नगर में हिन्दू कल्याण मंच के तत्वाधान में आयोजित बाल कलाकारों के अभिनय से सुसज्जित रामलीला का आज सोमवार की शाम छह बजे से हनुमान मंदिर के पीछे जनता मैरेज हाल (बेतखाना) के प्रांगण में शुभारंभ होगा। पहले दिन श्रीराम जन्मोत्सव से प्रारंभ होकर सातवें दिन रविवार को रावण दहन, विजय उत्सव और भरत मिलाप के साथ इस रामलीला महोत्सव का समापन होगा। उक्त जानकारी देते हुए मंच के अध्यक्ष प्रमोद मद्धेशिया ने बताया कि हिन्दू कल्याण मंच का उद्देश्य नन्हे मुन्ने बच्चों को बचपन से ही मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों को आत्मसात करने तथा अन्य श्रद्धालुओं को सत्य सनातन धर्म से जोड़ना है।